**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 30 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

केंद्र सरकार और एशियाई विकास बैंक-ए.डी.बी. ने बागवानी से जुड़े किसानों के लिए 9 करोड़ 80लाख डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से किसानों को रोग मुक्त प्रमाणित रोपण सामग्री प्राप्त हो सकेगी और फलों की उत्पादकता,गुणवत्ता बढ़ाने तथा जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने में सहायता मिलेगी।भारत के स्वच्छ पौध कार्यक्रम के लिए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और भारत में एशियाई विकास बैंक के स्थानीय मिशन प्रभारी अधिकारी काई.वेई.येओ ने किए। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह परियोजना पौधों के स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देती है। इस परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए निजी नर्सरियों, शोधकर्ताओं, राज्य सरकारों और किसानों से जुड़े संगठनों को शामिल किया जाएगा।

*************************************************************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्र प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल कर सकेंगे।

*************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली कल शाम कुरुक्षेत्र के ब्रहम सरोवर पर संध्याकालीन महा आरती में शामिल हुए। आरती से पहले मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदु समुदाय के लोगों पर हो रहे हमले दुभार्ग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इन हमलों को लेकर चिंतित है और उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है।मीडिया के सवालों का

जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस नेताओं के बयानों की आलोचना की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं , नायब सरकार उन्हें पूरा करने का काम कर रही है।कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर बात करते हुए उन्होंने कहा -

बाद में श्री बड़ोली ब्रह्म सरोवर पर संध्याकालीन महा आरती में शामिल हुए । उल्लेखनीय है कि ब्रह्मसरोवर पर हर रोज शाम को महा आरती का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग बड़ी गिनती में शामिल होते हैं।

*****************************************************************

14वा चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला इस बार रिदम ऑफ इंडिया और कलर ऑफ इंडिया के थीम के साथ मनाया जा रहा है। कल पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने नगाड़ा बजाकर इसकी शुरुआत की। यह मेला उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला और चंडीगढ़ कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल ने मेले में स्थापित पत्थरों में तराशे गए राशि चिन्हों को बहुत सराहा और कलाकारों की बहुत तारीफ की। राज्यपाल ने ललित कला अकादमी चंडीगढ़ द्वारा स्थापित शिविर का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने पंजाब के गांव की झलक भी देखी ।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इन शिविरों का लाइव प्रसारण करने के निर्देश भी दिये ताकि वे अपने आवास पर स्थित वॉर रूम से किसी भी समय किसी भी दिन अधिकारियों एवं नागरिकों से सीधे बात कर सकें।समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कैथल, फतेहाबाद, रोहतक, यमुनानगर और झज्जर के शिविरों में आए नागरिकों से सीधा संवाद किया और अधिकारियों को बिना किसी विलंब के उनकी समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी नीति के चलते नागरिक के आवेदन को स्वीकार नहीं किया गया है तो उसका कारण विवरण सहित पोर्टल पर अपडेट होना चाहिए ।

***************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव अजय चोपड़ा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में अब दक्षतापरक प्रश्नों पर बल दिया जाएगा ताकि बोर्ड परीक्षाएं केवल परीक्षा न रहकर विद्यार्थी के अधिगम प्रक्रिया का विस्तार भी बन सके। भिवानी में आगामी शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए **राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप दक्षता आधारित मूल्यांकन** विषय पर आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि बोर्ड का लक्ष्य आज के प्रतियोगी वातावरण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना भी है।कार्यशाला में शिक्षा जगत से जुड़े हुए प्रदेशभर से लगभग 250 विषय-विशेषज्ञों ने भाग लिया और दक्षता आधारित मूल्यांकन विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया ।